दुर्गा एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित

गौरवशाली
75 वर्ष

ACCREDITED WITH GRADE B NAAC

# दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. द्वारा सम्बद्धता प्राप्त

हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम







## विवरण - पुस्तिका, सत्र 2026-27

## जिनके स्तुत्य दान से छत्तीसगढ़ अंचल में शिक्षा के नये आयाम उद्घाटित हुए



संस्थापक दान-दाता

**स्व. पंडित रामनारायण जी दीक्षित**

(भूतपूर्व मालगुजार, रायपुर)

जिनकी पावन मूर्तिमन्त स्मृति है
दुर्गा महाविद्यालय



**स्व. दुर्गा बाई दीक्षित**

सुपुत्री : स्व. श्री लल्लू प्रसाद जी दीक्षित-स्व. बृजरानी बाई
भतीजी : स्व. रामनारायण जी दीक्षित

## हमारे प्रेरणा स्त्रोत



**स्व. पी. भादुड़ी**

संस्थापक सदस्य एवं अध्यक्ष
दुर्गा शिक्षण समिति, रायपुर



**स्व. एम. भादुड़ी**

संस्थापक सदस्य
दुर्गा शिक्षण समिति, रायपुर



**स्व. एस.के. भादुड़ी**

भूतपूर्व अध्यक्ष
दुर्गा शिक्षण समिति, रायपुर

# दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

दुर्गा एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित

दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर का इतिहास सन् 1951 से प्रारंभ होता है। स्व. पंडित रामनारायण दीक्षित जी के अतुलनीय दान एवं रायपुर नगर के विधिवेत्ताओं क्रमशः श्री पी. भादुड़ी, श्री एम. भादुड़ी एवं अन्य सदस्यों की निष्काम सेवा तथा सक्रिय सहयोग से दुर्गा एजुकेशन सोसायटी द्वारा इस संस्था की स्थापना हुई। निष्काम सेवाभाव की नींव पर आधारित यह महाविद्यालय छत्तीसगढ़ का एक अग्रणी महाविद्यालय माना जाता है। केवल 56 विद्यार्थियों को लेकर शिक्षा के महायज्ञ में उतरा यह महाविद्यालय आज लगभग 3000 से अधिक अध्येताओं को शिक्षा देने में संलग्न है। स्व. लालजी भाई शाह एवं स्व. एस.के. भादुड़ी जी के कार्यकाल में उनके मार्गदर्शन में महाविद्यालय ने निरंतर उन्नति की है। इस महाविद्यालय में कला निकाय में 11 विषयों में स्नातक स्तर की तथा हिन्दी, अंग्रेजी, राजनीति शास्त्र, भूगोल तथा वाणिज्य में स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा की सुविधा उपलब्ध है। सत्र 2002-03 से महाविद्यालय में कम्प्यूटर विज्ञान विभाग की स्थापना की गई है, जिसमें पी.जी.डी.सी.ए., डी.सी.ए. का अध्ययन अध्यापन हो रहा है। सत्र 2009-10 से बी.बी.ए. एवं सत्र 2010-11 से बी.एड पाठ्यक्रम महाविद्यालय में संचालित है। दुर्गा महाविद्यालय को विश्वविद्यालय द्वारा 04 विषयों में पी.एच.डी. शोध केन्द्र के रूप में भी मान्यता प्राप्त है।

संरचना : यह महाविद्यालय सुदृढ़ राष्ट्रीयता एवं जाति, धर्म, वर्ण निरपेक्षता का अनुपम उदाहरण है। सांस्कृतिक-धार्मिक-भाषिक-पारिधानिक-पारम्परित विविधताओं का लघु भारत है। किसी भी तरह का धार्मिक और राजनैतिक प्रचार-प्रदर्शन तथा भेदभाव महाविद्यालय में वर्जित है।

आदर्श वाक्य : महाविद्यालय का आदर्श वाक्य है - "विद्या धर्मेण शोभते" छात्रों, अध्यापकों और कर्मचारियों के बीच आदर्श सामंजस्य का सतत् विकास इस आदर्श वाक्य के सत्य और तत्व को पूर्ण रूप से ग्रहण करने का परिणाम है। महाविद्यालय की इस भावना एवं दानदाताओं के त्याग भावना, को बनाये रखने हेतु हम सतत् प्रयत्नशील और समर्पित है। हम विश्वास करते हैं कि दानदाताओं की त्याग भावना, जनता की शुभेच्छाओं, विश्वविद्यालय का मार्गदर्शन, अध्यापकों की कर्त्तव्य-निष्ठा से महाविद्यालय के उज्जवल भविष्य के निर्माण तथा विकास के क्षितिजों का निर्माण करने में समर्थ होंगे।

मान्यता और संबद्धता :

- नेक द्वारा बी ग्रेड प्राप्त
- यूजीसी द्वारा 2 एफ एवं 12 बी की मान्यता
- AICTE एवं NCTE द्वारा मान्यता
- पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा संबद्धता

# दुर्गा महाविद्यालय

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत्
## संचालित स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम

**बी.कॉम** स्नातक

**बी.ए.** स्नातक
समाज शास्त्र, राजनीति विज्ञान, हिन्दी साहित्य/अर्थशास्त्र/भाषा विज्ञान, दर्शनशास्त्र/मनोविज्ञान/भूगोल एवं इतिहास/अंग्रेजी साहित्य

**बी.सी.ए.** स्नातक

**बी.बी.ए.** स्नातक

## स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम

**एम.कॉम** चार सेमेस्टर

**एम.ए.** हिन्दी, अंग्रेजी, राजनीतिशास्त्र एवं भूगोल (चार सेमेस्टर)

## शोध पाठ्यक्रम

**पीएच.डी** वाणिज्य राजनीतिशास्त्र अंग्रेजी, हिन्दी

## स्ववित्तीय अन्य पाठ्यक्रम

**बी.एड.** द्वि वर्षीय पाठ्यक्रम (चार सेमेस्टर)

**डी.सी.ए.** एक वर्षीय पाठ्यक्रम (दो सेमेस्टर)

**पी.जी. डी.सी.ए.** एक वर्षीय पाठ्यक्रम (दो सेमेस्टर)



## From the Desk of the Principal



**A journey of a thousand miles begins with a single step.**

**Lao-tzu**

**Education kindles the power and glory that lie within us. It is a harmonious combination of head, heart and the hands.**

**Durga Mahavidhyalaya is an institution with an astonishing blend of the old and the new; a deeply committed management, master teachers and spirited students.**

**We, at Durga Mahavidhyalaya, aim at developing self-reliant, conscientious students by equipping them with the knowledge and skills necessary to create a strong identity for themselves, in the world which is reshaping itself at an unprecedented pace with the puissance of globalisation and technology. In this present era of digitalised world, lies a challenge before every educator to nurture the young minds with holistic education.**

**The college provides a congenial platform to students for honing their talents both academically and in co-curricular activities. This makes them immensely capable of facing the future with sanguineness and resilience. It is to be remembered that the mind is not merely a vessel to be filled but a fire to be kindled. As long as the ideas are evinced and thoughts ignited, one can be sure of learning as every thing begins with an idea.**

**Durga Mahavidhyalaya holds high the banner of unity, integrity, and secularism and wishes students the very best in their educational, personal and professional evolution.**

**With immense pride I acknowledge the contribution of the dedicated and experienced academic and administrative staff to various endeavours undertaken by the college. We are always hands on to ensure that the our student's raison d'être are adequately addressed.**

**Your valuable suggestions are always welcome.**

**Dr. Protibha Mukherjee Sahukar**
**Principal**
**Durga Mahavidyalaya, Raipur**



## उप-प्राचार्य की कलम से.....

"विद्या धर्मेंद्र शोभते" इस आदर्श वाक्य को अंगीकार कर आज से 74 वर्ष पूर्व महाविद्यालय की नींव छत्तीसगढ़ ही नहीं अपितु तत्कालीन मध्य प्रदेश राज्य में शिक्षा के मंदिर की अवधारणा से स्थापित दुर्गा महाविद्यालय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी शिक्षण संस्थान है, जहां सुदृढ़ राष्ट्रीयता, जाति धर्म एवं वर्ण निरपेक्षता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

महाविद्यालय का स्वरूप 56 छात्र-छात्राओं से आज एक वृहद आकार हमारे पूर्व प्राचार्यगण आदरणीय प्रोफेसर रणवीर सिंह शास्त्री जी, आदरणीय प्रोफेसर वाय.जी. जोगलेकर जी एवं आदरणीय डॉक्टर अशोक कुमार पारेख जी के कुशल नेतृत्व में ही संभव हो सका है। हमारे महाविद्यालय में विभिन्न विषयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की कक्षाएं संचालित की जाती है। हमारे प्रबुद्ध प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में हमारे विद्यार्थी प्रत्येक क्षेत्र जैसे क्रीडा, एनसीसी, एनएसएस आदि में राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय को गौवान्वित करते हैं।

वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर के अनेक प्रशासनिक अधिकारी, मंत्री, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी दुर्गा महाविद्यालय की देन है।

अंत में मैं छत्तीसगढ़ के भामाशाह दानवीर स्व. स्वर्गीय पंडित रामनारायण जी दीक्षित के अतुलनीय दान तथा रायपुर नगर के सम्मानित विधि विशेषज्ञों क्रमशः स्वर्गीय श्री पी. भादुड़ी जी, स्वर्गीय श्री एम. भादुड़ी जी, स्वर्गीय श्री लालजी भाई शाह जी, स्वर्गीय श्री एस.के. भादुड़ी जी तथा वर्तमान अध्यक्ष पदाधिकारी एवं विधिवेत्ताओं का आभार व्यक्त करना सिर्फ औपचारिकता प्रतीत होता है। इन विधि विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में ही महाविद्यालय का नाम छत्तीसगढ़ में स्वर्णिम अक्षर से सुशोभित हो सका है।

पुनश्चः आभार

डॉ. सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल
प्रभारी उप-प्राचार्य
दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर



**अध्ययन व्यवस्था :** महाविद्यालय में निम्नलिखित विषयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर हिन्दी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों में अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था है। स्नातक स्तर पर प्रथम सेमेस्टर से प्रवेश एवं अध्यापन ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020'' के अनुरूप पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. के निर्देशानुसार संचालित हो रहा है।

**यू.जी.सी. नेटवर्क रिसोर्स सेन्टर :** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के सहयोग से दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर में यू.जी.सी. नेटवर्क रिसोर्स सेन्टर की स्थापना की गई है।

**शैक्षणिक सत्र :** महाविद्यालय का शैक्षणिक सत्र 2025-26 विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार प्रारंभ होगा। महाविद्यालय में अध्यापन कार्य दो पालियों में संचालित होगा।

प्रथम पाली: प्रातः 7.30 से 2.30 बजे तक बी.एड एवं कम्प्यूटर (बी.सी.ए., पी.जी.डी.सी.ए., डी.सी.ए.) बी. बी.ए.।

द्वितीय पाली: 10.30 से 5.30 बजे तक बी.ए./बी.कॉम, एम.ए./ एम.कॉम।

**पाठ्येत्तर शिक्षण गतिविधियां, प्रोत्साहन एवं विद्यार्थियों की सुविधा हेतु गठित विभिन्न प्रकोष्ठ -**

1. **आंतरिक शिकायत समिति (आई.सी.सी.) -** महाविद्यालय में महिलाओं के लिए सुरक्षित एवं भयरहित वातावरण प्रदान करने हेतु आंतरिक शिकायत समिति गठित है जो शून्य सहिष्णुता पर आधारित कार्य करती है।
2. **एंटी रैगिंग प्रकोष्ठ -** महाविद्यालय में रैगिंग पूर्णतः प्रतिबंधित है, इस पर निगरानी रखने के लिए उपरोक्त प्रकोष्ठ का गठन किया गया है।
3. **मनोवैज्ञानिक काउंसिलिंग सेल -** विद्यार्थी किसी भी मानसिक तनाव में उपरोक्त प्रकोष्ठ की सहायता ले सकते हैं।
4. **एन.सी.सी./एन.एस.एस. -** महाविद्यालय में छात्र एवं छात्राओं के लिए एन.सी.सी (थल एवं वायु सेना विंग) संचालित है और एन. एस. एस. का भी गठन किया गया है। छात्रों को इनमें से किसी एक में अवश्य प्रवेश लेना चाहिए इस हेतु प्रभारी प्राध्यापक से सम्पर्क करें।
5. **क्रीड़ा प्रशिक्षण -** महाविद्यालय में क्रीड़ा प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था है। क्रीड़ा अधिकारी के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण दिया जाता है। महाविद्यालय का अपना खेल मैदान भी है।
6. **छात्र परिषद -** छात्र परिषद के सम्पोषक प्राचार्य होते है, जो अपने अधिकार से प्रभारी प्राध्यापक को मनोनीत करते हैं।
7. **स्नेह सम्मेलन -** उच्च शिक्षा विभाग के प्रस्तावित अकादमिक कलेण्डर के अनुसार प्रदेश के महाविद्यालयों में वार्षिक स्नेह सम्मेलन सम्पन्न कराया जाता है।
8. **''लक्ष्य'' कैरियर परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठ -** महाविद्यालय द्वारा समय-समय पर विद्यार्थियों के कैरियर से संबंधित दिशा-निर्देश हेतु विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान, सेमीनार का आयोजन किया जाता है जिससे विद्यार्थी लाभान्वित होते हैं।
9. **प्लेसमेंट प्रकोष्ठ -** महाविद्यालय में निजी एवं सार्वजनिक संस्थाओं द्वारा समय-समय पर विद्यार्थियों के रोजगार हेतु साक्षात्कार आयोजित किया जाता है।
10. **ईको क्लब -** महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण हेतु

''ईको क्लब'' स्थापित है।

महाविद्यालय में दो बगीचे हैं, जिसमें विभिन्न प्रकार के पौधे/वनस्पति लगे हुए है।

जल संरक्षण हेतु वॉटर हारवेस्टिंग सिस्टम लगाया गया है।

11. **बुक बैंक योजना –** निम्न आय वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए मुख्य ग्रंथालय में एवं कुछ विभागों में यह योजना संचालित है।

12. महाविद्यालय में सेमीनार हाल एवं ईको प्रूफ सुसज्जितसभा भवन है।



DURGA MAHAVIDYALAYA RAIPUR
NEP-AMBASSADOR - 2025-26

| CLASS | PHOTO | BOYS | PHOTO | GIRLS |
|---|---|---|---|---|
| B.Com. 1st Sem | | VIRENDRA KUMAR GUPTA विरेन्द्र कुमार गुप्ता | | TEKSHA RAHANGDALE तेक्षा राहंगडाले |
| B.A. 1st Sem | | PARVIND DUBEY परविंद दुबे | | SAUMYA VERMA सौम्या वर्मा |
| B.B.A. 1st Sem | | CHITRABHAN PATEL चित्रभान पटेल | | SNEHA स्नेहा |
| B.C.A. 1st Sem. | | HIMESH SAHU हिमेश साहू | | MUSKAN SAHU मुस्कान साहू |

## NEP - 2020

Durga Mahavidyalaya has effectively implemented the provisions of the National Education Policy (NEP 2020) to promote quality and holistic education. The college has introduced multidisciplinary learning, skill enhancement courses, value-added programmes, and continuous internal assessment in alignment with NEP guidelines. Emphasis is being given to experiential learning, research aptitude, communication skills, and overall personality development of students. Through the implementation of NEP 2020, the institution aims to prepare learners to meet contemporary academic and professional challenges with competence and confidence

.

**प्रवेश प्रक्रिया राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP) के निर्देशानुसार:**

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP) के उद्देश्य:**

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का भाव लिए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, विषय संबंधित ज्ञान के साथ कौशल विकास, मूल्य-परक तथा रोजगारोन्मुखी शिक्षा की ओर उन्मुख करती है।
2. इस नीति में सतत् मूल्यांकन का प्रावधान है जिससे विद्यार्थियों के मानसिक ऊर्जा के साथ बौद्धिक क्षमता में भी वृद्धि होगी।
3. सेमेस्टर आधारित पाठ्यक्रम होने के कारण विद्यार्थियों को

NATIONAL EDUCACTION POLICY 2020




| National Education Policy- 2020: Terminology | |
|---|---|
| FYUP | Four Year Undergruduate Program |
| Semester | Duration- Six months-90 days/15 week learning period |
| CCFUP | Course Curriculum Framework of UG Program |
| Program | For which Award' the Students are enrolled |
| Course | The Papers(Exam.) are required for that Award |
| Course curriculum | Details of the courses – provided to learners firstly – Comprises Learning Outcome/contents /Resources/Assessments |
| Credit | Measurement of Learning duration; 1C = 15 Period/Hours |
| CIA | Continuous Internal Assessment |
| ESE | End Semester Examination |
| Letter Grade | Letter denoting range of obtained Marks |
| Grade Point | Number denoting the Grade |
| Credit Point | Grade point x Credit earned |
| SGPA | Semester Grade Point Average |
| CGPA | Cumulative Grade Point Average |

**CCFUP: MULTIDISCIPLINARY COURSE OF STUDY**

**Semester System – Credit Based - Multiple Entry & Exit**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1st Year | Semester-I | 20 Credits | 40 Credits | Certificate (44 Credits) |
| | Semester-II | 20 Credits | | |
| 2nd Year | Semester-III | 20 Credits | 40 Credits | Diploma (84 Credits) |
| | Semester-IV | 20 Credits | | |
| 3rd Year | Semester-V | 20 Credits | 40 Credits | Degree (120 Credits) |
| | Semester-VI | 20 Credits | | |
| 4th Year | Semester-VII | 20 Credits | 40 Credits | Honors (160 Credits)/ Honors with Research (164 Credits) |
| | Semester-VIII | 20 Credits | | |

परीक्षा का तनाव नहीं होगा।

4. बहु विषयक प्रणाली पर आधारित यह नीति विद्यार्थियों को उनकी इच्छानुसार दूसरे संकाय के विषयों का अध्ययन करने की स्वतंत्रता देती है।
5. पाठ्यचर्या में भारतीय ज्ञान पद्धति के समावेश के साथ पाठ्येत्तर गतिविधियों को भी पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है।
6. प्रौद्योगिकी के अनुकूलतम उपयोग पर बल दिया गया है।

**प्रवेश पात्रता -**

शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम में प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए बी.ए. बी.कॉम बीसीए एवं बी बीए के पाठ्यक्रमों (प्रोग्राम) के लिए ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होगी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधान अनुसार जेनेरिक इलेक्टिव (GE) हेतु किसी संकाय के विद्यार्थियों द्वारा अन्य संकाय के विषय का ही चयन किया जाना है।

**1. स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम**

**(अ) स्नातक प्रथम सेमेस्टर**

1. माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ की 12वीं की परीक्षा व अन्य बोर्ड / विश्वविद्यालय की समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण। कोई भी विद्यार्थी जिसने अर्हतावाली परीक्षा (10+2) किसी भी संकाय से उत्तीर्ण की हो, उसे बी.कॉम / बी.ए. प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की पात्रता है।
2. बारहवी अथवा समकक्ष परीक्षा में पूरक प्राप्त आवेदकों को प्रवेश की पात्रता नहीं है।
3. किसी संकाय में स्नातक उपाधि प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों को अन्य संकाय के स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

**(ब) स्नातक तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के नियमानुसार तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु पात्रता होगी।

**2. बी. एड :**

एन.सी.टी.ई. एवं एस.सी.ई.आर.टी. द्वारा मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम बी. एड. 2010-11 से प्रारंभ किया गया है। बी.एड. के लिए निर्धारित विद्यार्थियों की संख्या 100 है। बी.एड. में प्रवेश हेतु व्यापम द्वारा आयोजित प्री बी.एड. परीक्षा में पास होने के पश्चात् एससीईआरटी द्वारा काउंसिलिंग पश्चात् प्रवेश दिया जाता है वर्तमान में यह सेमेस्टर प्रणाली युक्त द्विवर्षीय पाठ्यक्रम है। यह विभाग सर्व सुविधायुक्त शिक्षा तकनीक, मनोविज्ञान प्रयोगशाला से सुसज्जित है।

**3. डिप्लोमा पाठ्यक्रम :**

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पी.जी.डी.सी.ए जिसमें किसी भी विषय में स्नातक होने पर प्रवेश लिया जा सकता है तथा डी.सी.ए. में प्रवेश की पात्रता किसी भी विषय में 10+2 की परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है (यह पाठ्यक्रम अंशकालीन है जिसे अन्य पाठ्यक्रम के साथ पूरा किया जा सकता है) बी.सी.ए एवं बी.बी.ए. पाठ्यक्रम ए. आई.सी.टी.सी.ई से मान्यता प्राप्त है।

**4. स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम :**

(अ) स्नातकोत्तर सेमेस्टर-प्रथम एवं द्वितीय

1. स्नातक परीक्षा में द्वितीय श्रेणी या उच्चतर प्राप्तांक वाले विद्यार्थी ही प्रवेश के पात्र माने जायेंगे।
2. आयु सीमा और छूट नियमानुसार लागू रहेगी।
3. स्नातक परीक्षा में पूरक के पात्र आवेदकों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।
4. विगत सत्र की स्नातकोत्तर सेमेस्टर प्रथम तथा द्वितीय की परीक्षा में अनुत्तीर्ण या परीक्षा में सम्मिलित न होने वाले परीक्षार्थी को उसी कक्षा में पुनः प्रवेश नहीं दिया जावेगा।
5. ऐसे विषय में प्रवेश चाहने पर, जो स्नातक स्तर में नहीं लिए गए थे या अन्य संकाय में प्रवेश चाहने पर, प्राप्तांक के योग का 5 प्रतिशत कम किया जावेगा।
6. किसी एक विषय में स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण या अनुतीर्ण हो चुके अध्येता को अन्य विषय में स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

(ब) स्नातकोत्तर सेमेस्टर तृतीय एवं चतुर्थ

इन कक्षाओं में केवल उन्हीं आवेदकों को प्रवेश दिया जाएगा, जो महाविद्यालय के नियमित छात्र के रूप में परीक्षा में उत्तीर्ण या पिछले सेमेस्टर में ATKT प्राप्त हो।

**निम्नलिखित विद्यार्थी प्रवेश के लिए अपात्र माने जायेंगे**

1. जिनके विरूद्ध आपराधिक या अनैतिक आचरण के मामले चल रहे हो।
2. जिनके विरूद्ध महाविद्यालय की अनुशासन समिति/







महाविद्यालय की भूगोल, शिक्षा, मनोविज्ञान एवं कम्प्यूटर विभाग की प्रयोगशालाएं

महाविद्यालय परिषद /प्राचार्य ने गंभीर आपराधिक/अनैतिक/अशोभनीय आचरण के परिप्रेक्ष्य में प्रवेश न देने का निर्णय लिया हो।

3. जो परीक्षा में अनुचित साधन प्रयोग करने, परीक्षा में दुर्व्यवहार या बल प्रयोग करने अथवा परीक्षा संचालन में बाधा उत्पन्न करने के दोषी पाए गए हों।

4. जिनके विरूद्ध अध्ययन-अध्यापन में बाधा डालने, महाविद्यालय सम्पत्ति को क्षति पहुंचाने अथवा महाविद्यालय परिसर में अवांछित गतिविधियां करने की शिकायत हो।

5. छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक 17-98 /2017/38-2 दिनांक 15.08.2021 द्वारा सभी कक्षाओं एवं पाठ्यक्रमों में आयु सीमा के बंधन को समाप्त किया गया है।

प्रवेश हेतु निम्नांकित प्रपत्र संलग्न करना अनिवार्य है-

(अ) 10वीं से अब तक उत्तीर्ण परीक्षा की समस्त अंकसूची की प्रमाणित सत्य प्रतिलिपि ।

(ब) मूल स्थानांतरण प्रमाण-पत्र।

(स) चरित्र प्रमाण-पत्र की प्रति।

(द) आधार कार्ड की प्रति।

निम्नलिखित प्रमाण-पत्र आवश्यक होने पर संलग्न किए जावे :-

(अ) माध्यमिक शिक्षा मंडल के अतिरिक्त अन्य बोर्ड/वि.वि. परीक्षा में उत्तीर्ण प्रवेशार्थियों को प्रवजन प्रमाण-पत्र एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर से पात्रता प्रमाण-पत्र की प्रति आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना होगा।

(ब) नामांकन हेतु दसवीं की अंकसूची।

(स) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग (चिकनी परत को छोड़कर) दिव्यांग/ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का प्रमाण-पत्र संबंधित प्रवेशार्थी जमा करेंगे।

द) एन.सी.सी./एन.एस.एस./क्रीड़ा/सांस्कृतिक, सामाजिक क्रियाकलाप का प्रमाण पत्र यदि प्रादेशिक या राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व किया हो।

6. महाविद्यालय द्वारा प्रदत्त शैक्षणिक सुविधायें मुख्यतः छत्तीसगढ़ के निवासी के लिए हैं। यह प्रतिबंध छत्तीसगढ़ में पदस्थ अन्य प्रदेश सरकार तथा केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों, राष्ट्रीयकृत बैंक तथा सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों की पुत्र-पुत्रियों पर लागू नहीं होगा। छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर के छात्रों को प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय से पात्रता प्रमाण पत्र प्राप्त कर जमा करना अनिवार्य है।

## प्रवेश प्रक्रिया :-

1. पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाईन पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद महाविद्यालय में प्रवेश के लिए सूची प्रकाशित की जाएगी।
2. वि.वि. नामांकन फार्म भरना भी आवश्यक होगा।
3. प्रवेश स्वीकृत होने के पश्चात निर्धारित शुल्कों का भुगतान निर्धारित तिथि तक बैंक ऑफ बड़ौदा, महावीर गौशाला के सामने, के.के. रोड, मौदहापारा शाखा में करना अनिवार्य है। शुल्क निर्धारित तिथि तक जमा न होने पर प्रवेश स्वयमेव निरस्त हो जावेगा, इसके लिए छात्र स्वयं उत्तरदायी होगा।
4. प्राचार्य को यह अधिकार है कि वे बिना कारण बताये किसी भी अध्येता का प्रवेश निरस्त कर सकेंगे।

## आरक्षण, अधिभार एवं छूट

1. शासकीय नियमों एवं निर्देशों के अनुसार, अनु. जाति अनु. जनजाति, पिछड़ा वर्ग (चिकनीपरत को छोड़कर) विकलांग तथा स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र/पुत्री तथा पौत्र/पौत्री को आरक्षण की सुविधा रहेगी।
2. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के आवेदकों के लिए क्रमशः 12 प्रतिशत तथा 32 प्रतिशत स्थान आरक्षित होंगे। पिछड़े वर्ग (चिकनीपरत को छोड़कर) के आवेदकों के लिए 14 प्रतिशत स्थान आरक्षित होंगे। सभी वर्गों में उपलब्ध स्थानों में 30 प्रतिशत स्थान महिला छात्राओं के लिए आरक्षित होंगे।
3. गुणानुक्रम के निर्धारण हेतु शासकीय नियमों एवं निर्देशों का पालन करते हुए एन. एस.एस. / एन.सी. सी. एवं क्रीडा विषयक अधिभार की सुविधा प्रदान की जायेगी।

SCAN ME

E-Content

## ग्रंथालय -

1. महाविद्यालय के विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु लगभग 60 हजार से ज्यादा पुस्तकें उपलब्ध हैं, ई-लाईब्रेरी की सुविधा भी विद्यार्थी ले सकते हैं।
2. ग्रंथपाल सूचना जारी करेंगे जिसमें पुस्तक देने के लिए प्रत्येक कक्षा हेतु दिन और समय निर्धारित रहेंगे। पुस्तके निर्धारित दिन और समय में दी जावेगी।
3. LMS/ILMS के द्वारा विद्यार्थियों को किताबें प्रदान की जाती है।
4. स्नातकोत्तर विद्यार्थी एवं शोधार्थी के लिए ई-लाईब्रेरी की सुविधा सुबह 8:30 से 1:30 के बीच उपलब्ध होगी।
5. स्नातक कक्षाओं के लिए प्रति छात्र दो पुस्तकें और स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए प्रति छात्र तीन पुस्तकें दस दिनों के लिए दी जावेगी।
6. परीक्षा में सम्मिलित होने के पूर्व सभी पुस्तकें लौटाना अनिवार्य है।
7. ग्रंथालय विषयक अर्थदण्ड के प्रावधान - पुस्तक वापसी की निर्धारित तिथि के बाद से बीस दिनों तक 2.00 रू. प्रतिदिन प्रति पुस्तक और उसके बाद 5.00 रू. प्रतिदिन प्रति पुस्तक वापसी की तिथि तक देय होगा।
8. ई-लाईब्रेरी - राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ई-संसाधनों की सुविधा लेने हेतु विद्यार्थियों के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करना होगा।



## अनुशासन और नियम

1. छात्र/छात्राओं का महाविद्यालय परिसर में आचरण और व्यवहार महाविद्यालय की प्रतिष्ठा के अनुरूप रहे।
2. छात्र/छात्राओं द्वारा महाविद्यालय या उसकी किसी गठित इकाई के नाम पर बाहर से किसी भी तरह से चंदा या दान लेना पूर्णतः प्रतिबंधित है। इस नियम का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।
3. हिंसा, आतंक, धार्मिक उन्माद, नशाखोरी और अनैतिक गतिविधियों से छात्र/छात्राएं दूर रहें। यदि ऐसे आरोपों से वे प्रमाणित हुए तो उन्हें तत्काल महाविद्यालय से निकाल दिया जाएगा।
4. महाविद्यालय की सम्पत्ति, भवन, पुस्तकालय, प्रयोगशाला आदि की सुरक्षा और स्वच्छता प्रत्येक अध्येता का दायित्व होगा।
5. विश्वविद्यालय अधिनियम में अनुशासनहीनता विषयक प्रावधान विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 के अधीन बनाए गए अध्यादेश क्रमांक 7 की धारा 13 के अनुसार महाविद्यालय के छात्र/छात्रा द्वारा महाविद्यालय में अथवा बाहर अनुशासनहीनता किए जाने पर, ऐसे छात्र/छात्रा के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए प्राचार्य सक्षम है। अनुशासनहीनता के लिए अध्यादेश में निम्नांकित दंड का प्रावधान है।

   (1) निलम्बन (2) निष्कासन (3) विश्वविद्यालय परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित करना।
6. अनुशासनहीनता, लगातार अनुपस्थिति, शुल्कों का नियमित जमा न किया जाना, असंतोषजनक आचरण, रैगिंग आदि के कारण प्राचार्य किसी भी अध्येता का नाम महाविद्यालय सूची से काटने में सक्षम है।





**महत्वपूर्ण निर्देश :**

1. अवकाश के दिनों में खेल मैदान सहित महाविद्यालय परिसर में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।
2. महाविद्यालय में अनाधिकृत प्रवेश वर्जित है।

**सुविधाएं :**

1. स्मार्ट क्लास (तीन)
2. ऑडियो विसुअल स्मार्ट क्लास (तीन)
3. ई-लाइब्रेरी की विशेष सुविधा।
4. कम्प्यूटर लैब इंटरनेट सुविधा के साथ।
5. लैक्चर रिकाडिंग कक्ष (एक)।
6. ICT से सुसज्जित चार सेमीनार कक्ष।
7. महाविद्यालय परिसर CCTV की सतत् निगरानी में है।
8. खेल मैदान भी उपलब्ध है।
9. ई-रिसोर्स - डिजिटल रूप में उपलब्ध किताबें (N-list, DelNet)

7 अध्येताओं को प्रतिदिन महाविद्यालय आते समय परिचय पत्र (आई कार्ड) साथ में रखना अनिवार्य है। परिचय पत्र के बिना आने पर पहली बार 50 रू. तथा अगली बार 80 रू. अर्थदंड भरना होगा। आई कार्ड में पासपोर्ट आकार का नवीनतम फोटो लगाया जाए। परिचय पत्र गुम जाने या नष्ट हो जाने पर पुलिस रिपोर्ट एवं शपथ पत्र के साथ 50 रू. शुल्क जमा करने पर दूसरा परिचय पत्र दिया जाएगा। परिचय पत्र की जाँच कभी भी की जा सकती है।



8. छात्र/छात्राओं को सायकल, स्कूटर या अन्य वाहन, स्टैण्ड (निर्धारित स्थान) पर रखना अनिवार्य है। अन्यत्र रखने पर आर्थिक दंड लगाया जायेगा।

9. छात्र और छात्राओं के लिए पृथक-पृथक छात्र कक्ष और छात्रा कक्ष है। खाली पीरियड में उनका उपयोग किया जाए, महाविद्यालय परिसर में घूमने वाले अध्येताओं पर अनुशासनहीनता की कार्यवाही की जाएगी।

10. यदि छात्र/छात्राओं को व्यक्तिगत स्तर पर या सामूहिक रूप से कोई कठिनाई हो या किसी काम को करने की अनुमति लेनी हो तो वे विभागाध्यक्ष अथवा प्राचार्य को लिखित आवेदन देंगे।

11. अध्येताओं को अध्ययन हेतु निर्धारित समय पर कक्षाओं में उपस्थित होना आवश्यक है।

## शोध केन्द्र में निर्देशकों की सूची

| | | | |
|---|---|---|---|
| अंग्रेजी | डॉ. प्रतिभा मुखर्जी साहूकार | अध्यक्ष डी.आर.सी. एवं निर्देशक |  |
| अंग्रेजी | डॉ. मधु कामरा | निर्देशक |  |
| वाणिज्य | डॉ. सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल | निर्देशक |  |
| वाणिज्य | डॉ. राजेन्द्र कुमार शुक्ला | निर्देशक |  |
| वाणिज्य | डॉ. विजय कुमार चौबे | निर्देशक |  |
| राजनीति विज्ञान | डॉ. अजय कुमार चंद्राकर | निर्देशक |  |
| राजनीति विज्ञान | डॉ. सुभाष चंद्राकर | निर्देशक |  |

## रेगिंग पूर्णतः प्रतिबंधित

छत्तीसगढ़ शैक्षणिक संस्थाओं में ''प्रताड़ना (रैगिंग) का प्रतिषेध अधिनियम 2001''के अंतर्गत रैगिंग से अभिप्राय - किसी छात्र को मजाक पूर्ण व्यवहार से या अन्य प्रकार से उत्प्रेरित, बाध्य या मजबूर करना जिससे उसके मानवीय मूल्यों का हनन या उसके व्यक्तित्व का अपमान या उपहास अभिदर्शित होता हो या किसी विधि पूर्ण कार्य करने से प्रविरत करना आपराधिक, दोषपूर्ण अवरोध, दोषपूर्ण परिरोध या उसे क्षति पहुँचाना या उस पर आपराधिक बल के प्रयोग द्वारा या ऐसी आपराधिक धमकी, दोषपूर्ण अवरोध, दोषपूर्ण परिरोध, क्षति या आपराधिक बल प्रयोग करने से है।

## रैगिंग में लिप्त होने पर दिया जाने वाला दण्ड

(1) प्रवेश निरस्त किया जाना।

(2) संस्था से निष्कासित किया जाना।

(3) छात्रवृत्ति अथवा अन्य सुविधा रोकना।

(4) परीक्षाओं से वंचित करना।

(5) परीक्षा परिणाम रोकना।

(6) राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय तथा युवा उत्सव में भाग लेने पर प्रतिबंध।

(7) पाँच साल तक कारावास की सजा या 5000 रूपये जुर्माना या दोनों।

(8) सभी छात्र छात्राओं को एंटी-रैगिंग (ऑनलाईन फार्म) भरना अनिवार्य है।

## उपस्थिति संबंधी विश्वविद्यालय के नियम

विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 के अधीन अध्यादेश क्रमांक 6 के अनुसार महाविद्यालय के नियमित छात्र/छात्रा के विश्वविद्यालय परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता के लिए 75 प्रतिशत उपस्थिति आवश्यक है। इस प्रावधान का पालन दृढ़तापूर्वक किया जाएगा।

**विशेष** : जाली प्रमाण पत्रों, गलत जानकारी, जानबूझकर छिपाये गए तथ्यों, प्रशासकीय अथवा कार्यालयीन असावधानीवश यदि किसी आवेदक को प्रवेश मिल गया है, तब ऐसे प्रवेश को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार प्राचार्य को है।

## पोस्टर चिपकाना व दीवारों पर लिखना प्रतिबंधित

महाविद्यालय की दीवारों पर लिखना या पोस्टर चिपकाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। ऐसा करने वालों को अर्थदण्ड के अलावा महाविद्यालय से निकाले जाने का दंड दिया जा सकता है। साथ ही कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।



# शासी निकाय के पदाधिकारी

1. श्री शेखर अमीन - अध्यक्ष
2. डॉ. प्रतिभा मुखर्जी साहूकार - पदेन सचिव (प्रभारी प्राचार्य)
3. श्री एन.सी. गुप्ता - सदस्य (दुर्गा एजुकेशन सोसायटी प्रतिनिधि)
4. श्री शिशिर भंडारकर - सदस्य (दुर्गा एजुकेशन सोसायटी प्रतिनिधि)
5. डॉ. आर. के. ब्रम्हे - सदस्य (विश्वविद्यालय प्रतिनिधि)
6. डॉ. हेमलता बोरकर - सदस्य (विश्वविद्यालय प्रतिनिधि)
7. डॉ. अजय कुमार शर्मा - सदस्य (शिक्षक प्रतिनिधि)
8. डॉ. विभा दुबे - सदस्य (शिक्षक प्रतिनिधि)

# महाविद्यालय के अध्यापकगण

## वाणिज्य

डॉ. बबीता पाठक, सहायक प्राध्यापक (विभागाध्यक्ष)
डॉ. एस. के. अग्रवाल, सहायक प्राध्यापक
डॉ. ए. के. शर्मा, सहायक प्राध्यापक
डॉ. राजेन्द्र कुमार शुक्ला, सहायक प्राध्यापक
डॉ. व्ही. के. चौबे, सहायक प्राध्यापक
डॉ. जी. एस. गुप्ता, संविदा सहायक प्राध्यापक
डॉ. दिव्या शुक्ला, संविदा सहायक प्राध्यापक
डॉ. वसीमुद्दीन, संविदा सहायक प्राध्यापक
डॉ. सुखप्रीत कौर, संविदा सहायक प्राध्यापक
प्रो. सोनम बैस, संविदा सहायक प्राध्यापक
प्रो. मानवी शर्मा, संविदा सहायक प्राध्यापक
प्रो. ज्योति वर्मा, संविदा सहायक प्राध्यापक
प्रो. मिताली कुमार, संविदा सहायक प्राध्यापक
प्रो. पोषण साहू, संविदा सहायक प्राध्यापक
प्रो. चेतना सोना, संविदा सहायक प्राध्यापक
प्रो. आरती यदु, संविदा सहायक प्राध्यापक

## अंग्रेजी

डॉ. मधु कामरा, सहायक प्राध्यापक (विभागाध्यक्ष)
डॉ. प्रतिभा मुखर्जी साहूकार, सहायक प्राध्यापक, (प्रभारी प्राचार्य)
डॉ. दीपाली शर्मा, सहायक प्राध्यापक
डॉ. योगिता लोनारे, संविदा सहायक प्राध्यापक
डॉ. संजुक्ता मुखर्जी राय, संविदा सहायक प्राध्यापक

## हिन्दी

डॉ. रोशनी मिश्रा, संविदा सहायक प्राध्यापक (विभागाध्यक्ष)
डॉ. गणेश शंकर पाण्डेय, संविदा सहायक प्राध्यापक
डॉ. लोकेश्वर प्रसाद सिन्हा, संविदा सहायक प्राध्यापक
प्रो. आकांक्षा शुक्ला, संविदा सहायक प्राध्यापक

## राजनीति शास्त्र

डॉ. ए. के. चन्द्राकर, सहायक प्राध्यापक (विभागाध्यक्ष)
डॉ. सुष्मिता सेन, सहायक प्राध्यापक
डॉ. सुभाष चन्द्राकर, सहायक प्राध्यापक
डॉ. अमन झा, संविदा सहायक प्राध्यापक

## भूगोल

डॉ. पूर्णिमा शुक्ला, सहायक प्राध्यापक (विभागाध्यक्ष)
डॉ. जे. के. होता, संविदा सहायक प्राध्यापक
प्रो. सुनीता चनसोरिया, संविदा सहायक प्राध्यापक
डॉ. संजीब प्रामानिक, संविदा सहायक प्राध्यापक
प्रो. भूपेन्द्र दुबे, संविदा सहायक प्राध्यापक

## प्रबंध

डॉ. सुचित्रा राठी, (परि. 28, विभागाध्यक्ष)
प्रो. चेतना नायक, संविदा सहायक प्राध्यापक
प्रो. रिमझिम साहू, संविदा सहायक प्राध्यापक

## भाषा विज्ञान

डॉ. मोतीलाल साकार, संविदा सहायक प्राध्यापक (विभागाध्यक्ष)

## इतिहास

डॉ. के. के. पटेल, सहायक प्राध्यापक (विभागाध्यक्ष)

## दर्शनशास्त्र

डॉ. रंजना शर्मा, सहायक प्राध्यापक (विभागाध्यक्ष)

## मनोविज्ञान

डॉ. शकुन्तला दुल्हानी, संविदा सहायक प्राध्यापक (विभागाध्यक्ष)

## समाजशास्त्र

डॉ. राजेश शुक्ला, सहायक प्राध्यापक (विभागाध्यक्ष)

## अर्थशास्त्र

प्रो. आयशा परवीन, संविदा सहायक प्राध्यापक (विभागाध्यक्ष)

## कम्प्यूटर

डॉ. विभा दुबे, सहायक प्राध्यापक (परि. 28, विभागाध्यक्ष)
प्रो. रविन्द्र सिंह राजपूत, सहायक प्राध्यापक (परि. 28)
प्रो. कविता भारती, सहायक प्राध्यापक (परि. 28)
डॉ. मोनिका पटेल, संविदा सहायक प्राध्यापक
प्रो. खेमनलाल साहू, संविदा सहायक प्राध्यापक
श्री समिक भट्टाचार्य (अतिथि सहायक प्राध्यापक)

## शिक्षा

डॉ. संजीवनी ठाकुर, सहायक प्राध्यापक (परि. 28, विभागाध्यक्ष)
डॉ. अर्चना गोमास्ता, सहायक प्राध्यापक (परि. 28)
डॉ. प्रगति दुबे, सहायक प्राध्यापक (परि. 28)
प्रो. कुसुम राठौर, सहायक प्राध्यापक (परि. 28)
प्रो. प्रतिभा खंडेलवाल, सहायक प्राध्यापक (परि. 28)
डॉ. इति बेनर्जी, सहायक प्राध्यापक (परि. 28)
प्रो. हेमलता राठौड़, संविदा सहायक प्राध्यापक

## ग्रंथालय

श्री संदीप कुमार, संविदा, सहायक ग्रंथपाल

## खेल

श्री पी.एल. साहू (अतिथि क्रीड़ा अधिकारी)







# दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) कार्यालयीन कर्मचारी गण

| क्र. | तृतीय श्रेणी कर्मचारी | पद |
|---|---|---|
| 1. | श्री पी.के. वर्मा | प्रभारी रजिस्ट्रार |
| 3. | श्री आर.के. भोई | लिपिक |
| 4. | श्रीमती नीलिमा शर्मा | लिपिक |
| 5. | श्री दिनेश तिवारी | कम्प्यूटर ऑपरेटर |
| 6. | श्री विजय कुमार पटेल | कम्प्यूटर ऑपरेटर |
| 7. | श्री हरिश चन्द्र साहू | कम्प्यूटर ऑपरेटर |
| 8. | श्री देवनारायण साहू | कम्प्यूटर ऑपरेटर |
| 9. | श्री देवेन्द्र निषाद | सहायक लेखापाल |
| 10. | श्री महेश सोनी | लिपिक |
| 11. | श्री विक्की राज | कम्प्यूटर लैब सहायक |
| 12. | श्री कुलेश्वर साहू | मल्टीटास्किंग (बी.एड.) |





## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी

2. श्री भागचंद
3. श्री मोहन सिंह क्षत्रिय
5. श्री विनोद कुमार
6. श्री रोमनाथ ओझा
7. श्री मनोज शुक्ला
8. श्रीमती प्रमिला
9. श्रीमती जमुना
10. श्रीमती ललिता
11. श्रीमती ज्योति
12. श्री श्रवण कुमार
13. श्री सुरेश कुमार
14. श्रीमती श्याम कुमारी शिवारे










# विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु देय वार्षिक शुल्क
# 2025-2026

| | | नियमित पाठ्यक्रम | | | | | स्ववित्तीय योजना के अंतर्गत पाठ्यक्रम | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स. क. | विवरण | बी.कॉम. प्रतिवर्ष | बी.ए. प्रतिवर्ष | एम.कॉम. (सेमेस्टर) | एम.ए. (सेमेस्टर) | एम.ए. प्रेक्टिकल (सेमेस्टर) | बी.बी.ए. प्रतिवर्ष | बी.सी.ए. प्रतिवर्ष | पीजीडीसीए वार्षिक | डीसीए वार्षिक | बी.एड. |
| 1. | प्रवेश शुल्क | 500.00 | 500.00 | 500.00 | 300.00 | 300.00 | 200.00 | 200.00 | 200.00 | 200.00 | शासन द्वारा निर्धारित राशि 33970.00 |
| 2. | शिक्षण शुल्क (50 प्रतिशत शासन को देय) | 200.00 | 200.00 | 200.00 | 200.00 | 200.00 | 200.00 | 200.00 | 200.00 | 200.00 | |
| 3. | परिचय पत्र | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 20.00 | 20.00 | 20.00 | 20.00 | |
| 4. | सायकल स्टैण्ड एवं रखरखाव | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | |
| 5. | छात्र गतिविधियां (छात्र संघ, युवा उत्सव, पुरस्कार वितरण) | 250.00 | 250.00 | 250.00 | 250.00 | 250.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 | |
| 6. | ग्रंथालय कोष | 600.00 | 600.00 | 600.00 | 400.00 | 400.00 | 730.00 | 730.00 | 730.00 | 530.00 | |
| 7. | शिक्षा प्रबंध कोष | 5000.00 | 5000.00 | 6400.00 | 6300.00 | 6300.00 | 13700.00 | 13700.00 | 16000.00 | 5700.00 | |
| 8. | विकास एवं रखरखाव कोष | 2000.00 | 2000.00 | 2700.00 | 2550.00 | 2550.00 | 2150.00 | 2150.00 | 3950.00 | 1750.00 | |
| 9. | प्रशासनिक प्रबंध कोष | 2600.00 | 2600.00 | 3670.00 | 3470.00 | 3470.00 | 6200.00 | 6200.00 | 5500.00 | 4300.00 | |
| 10. | प्रयोगशाला | | | | | 100.00 | | | | | |
| 11. | सेमीनार | | | 600.00 | 500.00 | 500.00 | | | | | |
| 12. | कम्प्यूटर | | | | | | | | | | |
| 13. | शारीरिक कल्याण | 200.00 | 200.00 | 200.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 | |
| 14. | सेमेस्टर व्यय | | | 1730.00 | 1730.00 | 1730.00 | | | | | |
| 15. | स्थापना प्रबंध कोष | | | | | | | | | | |
| 16. | अमानत राशि | | | | | | | | | | |
| | | **11500.00** | **11500.00** | **17000.00** | **16000.00** | **16100.00** | **23600.00** | **23600.00** | **27000.00** | **13100.00** | **33970.00** |

## दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

### विश्वविद्यालय शुल्क - स्थितिनुसार देय

(नामांकन फार्म एवं नामांकन शुल्क प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों हेतु अनिवार्य तथा अन्य हेतु लागू होने पर देय)

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15. | विश्वविद्यालय को देय शारीरिक कल्याण शुल्क | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 |
| 16. | नामांकन शुल्क | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 |
| 17. | ऑनलाईन प्रोसेसिंग शुल्क | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 |
| 18 | अप्रवजन | 360.00 | 360.00 | 360.00 | 360.00 | 360.00 | 360.00 | 360.00 | 360.00 | 360.00 | 360.00 | 360.00 |
| 19 | नाम/उपनाम परिवर्तन | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 |
| 20 | संकाय परिवर्तन | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 |
| | | | | | | | | | | | | |
| स्ववित्तिय पाठ्यक्रम हेतु अधिकतम सीट | | | | | | | | 40 | 30 | 60 | 40 | 100 |
| अवधि | | | | | | | | छः सेमे. (कुल 3 वर्ष) | छः सेमे. (कुल 3 वर्ष) | दो सेमे. (कुल 1 वर्ष) | दो सेमे. (कुल 1 वर्ष) | चार सेमे. (कुल 2 वर्ष) |

# एन.सी.सी. की गतिविधियों में उत्कृष्ठ भागीदारी

## प्रभारी प्राध्यापक

1. स्क्वाड्रन लीडर डॉ. व्ही. के. चौबे (एयर विंग)
2. केयरटेकर प्रो. कविता कुमारी भारती (थल सेना, छात्रा विंग)
3. लेफ्टीनेंट प्रो. चेतना नायक (थल सेना, छात्र विंग)

## एन.सी.सी. एयर विंग के कैडेट्स की गणतंत्र दिवस परेड जनवरी 2026 दिल्ली में भागीदारी



कैडेट मनीष शर्मा
(वायु सेना)



कैडेट प्रभाकर शुक्ला
(वायु सेना)








# एन.सी.सी. (वायु सेना, थल सेना) गतिविधियाँ






















## विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रकृति को सुरक्षित रखने का संकल्प

अमन पथ न्यूज

रायपुर। दुर्गा महाविद्यालय में 3 छ ग एयर एनसीसी के कैडेट्स ने विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रकृति को सुरक्षित, संरक्षित एवं अपने मूल रूप में बनाए रखने के लिए संकल्प लिया। आज के कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में भूगोल विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ पूर्णिमा शुक्ला जिनके संरक्षण में इको क्लब संचालित हो रहा है। यह क्लब पर्यावरण के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के सराहनीय कार्य एवं अनुसंधान कर रहा है कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर प्रतिभा मुखर्जी साहूकार ने कहा कि आप सब युवा इस देश के मार्गदर्शक बन सकते हैं। रख सकते हैं. मुख्य वक्ता ने कुछ तथ्यात्मक आंकड़े प्रस्तुत कर स्थिति को बताया एवं कैसे हम धीरे-धीरे अपने प्रयासों से अपना मूल स्वरूप वापस पा सकते हैं, इसका भरोसा भी दिलाया। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर डॉक्टर व्ही के चौबे ने किया। सभी कैडेट्स ने संकल्प लिया कि हम अपनी प्रकृति को सुरक्षित संरक्षित रखने के लिए हरदम प्रयास करेंगे और सामान्य लोगों को भी जागरूक करेंगे। इस अवसर पर एनसीसी एयर विंग के 40 कैडेट्स एवं एल्यूमिनी के रूप में 10 कैडेट्स उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियां

प्रो. सुनीता चनसोरिया, कार्यक्रम अधिकारी (एन.एस.एस.)



# सत्र 2025-26 में महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं की विभिन्न खेलों मे उपलब्धियाँ

**सत्र 2025-26 में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय टीम में पूर्वी क्षेत्र एवं अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले दुर्गा महाविद्यालय के खिलाड़ियों की सूची**

| कमांक | नाम | खेल का नाम | कक्षा | खेल स्तर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कुंती सोनी | फुटबॉल | बीए अंतिम | पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन रविशंकर विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व |
| 2 | संजना छुरा | फुटबॉल | बीए द्वितीय | पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन रविशंकर विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व |
| 3 | श्रुति वर्मा | हॉकी | बीसीए अंतिम | पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन रविशंकर विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व |
| 4 | जितेन्द्र तांडी | हॉकी | बी.कॉम. अंतिम | पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन रविशंकर विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व |
| 5 | हर्ष साहू | हॉकी | बीए प्रथम सेमेस्टर | पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन रविशंकर विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व |
| 6 | दिनेश बाघ | बास्केटबॉल | एम.ए. भूगोल | पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन रविशंकर विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व |
| 7 | उदित क्षेत्रपाल | बास्केटबॉल | बीबीए द्वितीय सेमेस्टर | पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन रविशंकर विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व |
| 8 | प्रदीप चौहान | बास्केटबॉल | बीए प्रथम सेमेस्टर | पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन रविशंकर विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व |
| 9 | हिमांशु सिंह | क्रिकेट | बीए अंतिम | पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन रविशंकर विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व |
| 10 | सरविल ठाकुर | क्रिकेट | बीए अंतिम | पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन रविशंकर विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व |
| 11 | सूर्यकांत तिवारी | क्रिकेट | बीए प्रथम सेमेस्टर | पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन रविशंकर विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व |
| 12 | आर्यमन सिंह | क्रिकेट | बीकॉम प्रथम सेमेस्टर | पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन रविशंकर विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व |
| 13 | पुष्पांजी वर्मा | कबड्डी | बीए तृतीय सेमेस्टर | अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन रविशंकर विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व |
| 14 | दामिनी घ्रुव | बॉक्सिंग | बीए चतुर्थ सेमेस्टर | अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन रविशंकर विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व |
| 15 | संजना कनोजिया | बॉक्सिंग | बीकॉम तृतीय सेमेस्टर | अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन रविशंकर विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व |
| 16 | आंकाक्षा निर्मलकर | नेटबॉल | बीबीए | अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन रविशंकर विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व |
| 17 | दुष्यंत यादव | कुश्ती | बीकॉम तृतीय सेमेस्टर | अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन रविशंकर विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व |
| 18 | आस्था झा | शक्तितोलन | बीसीए अंतिम | अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन रविशंकर विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व |
| 19 | लवली महानंद | साफ्टबॉल | बीकॉम तृतीय सेमेस्टर | अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन रविशंकर विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व |
| 20 | प्रतिमा सोना | साफ्टबॉल | बीए तृतीय सेमेस्टर | अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन रविशंकर विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व |
| 21 | जगन्नाथ प्रधान | नौकायान | बीए | अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन रविशंकर विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व |
| 22 | अर्नव पाल | जुडो | बीकॉम अंतिम | अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन रविशंकर विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व |
| 23 | डोमनलाल धीवर | कासकन्ट्री | बीए प्रथम सेमेस्टर | अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन रविशंकर विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व |









# महाविद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं विभिन्न कक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को दान-दाताओं द्वारा प्रतिवर्ष निम्न पदक प्रदान किये जाते हैं।

| दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| गौरव पदक सूची 2025–26 | | | | |
| क | दानदाता | पदक का नाम | कक्षा | छात्र/छात्राओं का नाम |
| 1 | डब्ल्यू.एन. मोकासदार–एडव्होकेट | श्रीमती अन्नपूर्णा देवी स्मृति पदक | एम.कॉम चतुर्थ सेमेस्टर | देवांशी देवांगन |
| 2 | डब्ल्यू.एन. मोकासदार–एडव्होकेट | श्रीमती अन्नपूर्णा देवी स्मृति पदक | एम.ए. अंग्रेजी चतुर्थ सेमेस्टर | गुंडपु मोनिका |
| 3 | श्रीमती कमल रावसाहेब देशमुख | बैरिस्टर वामनराव देशमुख स्मृति पदक | एम.ए. राजनीति विज्ञान चतुर्थ सेमेस्टर | सबीना इन्दुआ |
| 4 | धुप्पड़ परिवार | श्री अर्जुनदास धुप्पड़ स्मृति पदक | एम.ए. हिन्दी चतुर्थ सेमेस्टर | होसल भतपहरी |
| 5 | प्रोफेसर श्री राम धुप्पड़ | धुप्पड़ परिवार पदक | एम.ए. भूगोल चतुर्थ सेमेस्टर | संगीता साहू |
| 6 | श्री एस.के. भादुड़ी, एडव्होकेट | श्री पंचानन भादुड़ी स्मृति पदक | बी.कॉम. | अलसफा नाज |
| 7 | श्री श्यामलाल गुप्ता, एडव्होकेट | श्रीमती कौशल्या बाई स्मृति पदक | बी.ए. | सना कुरैशी |
| 8 | धुप्पड़ परिवार | सुश्री शशि धुप्पड़ स्मृति पदक | बी.ए. अंतिम वर्ष (छात्रा) इतिहास | कुशाग्र शर्मा |
| 9 | बेगानी परिवार | श्री मेघराज बेगानी स्मृति पदक | बी.ए. अंतिम वर्ष दर्शन शास्त्र | राहुल कुमार |
| 10 | काले परिवार | प्रो. डी.एस. काले स्मृति पदक | बी.ए. अंतिम वर्ष राजनीति विज्ञान | कुशाग्र शर्मा |
| 11 | सुराना परिवार | श्री चंदनमल सुराना स्मृति पदक | बी.कॉम. प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर | कसक सिंह |
| 12 | श्री महेन्द्र कुमार, मंयक कुमार लोढ़ा जी परिवार | श्री चंदनमल लोढा स्मृति पदक | बी.कॉम. भाग दो | दिशा केसरवानी |
| 13 | श्री के.टी. साकरकर | श्री तुकाराम साकरकर स्मृति पदक | पीजीडीसीए | बिन्देश्वरी साहू |
| 14 | श्रीमती मनोरमा शर्मा, रायपुर | प्रो. एफ.एल. शर्मा स्मृति पदक | बीएड चतुर्थ सेमेस्टर | दिव्या भारती |
| 15 | श्रीमती कमल रावसाहेब देशमुख | डॉ. किशोर राव देशमुख स्मृति पदक | बीसीए तृतीय वर्ष | दिशा चौहान |
| 16 | देशमुख परिवार | श्री राव साहब देशमुख स्मृति पदक | सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी 2025–26 | दुष्यंत कुमार यादव |

- विभिन्न खेलों में पं. रविशंकर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को महाविद्यालय की ओर से गौरवान्वित किया जाता है।
- पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की विभिन्न परीक्षाओं में अधिकतम अंक तथा प्राविण्यता प्राप्त अध्येताओं को महाविद्यालय द्वारा रजत पदक प्रदान किए जाते हैं। इस हेतु विद्यार्थी का प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा।
- स्व. श्रीमती कमल रावसाहब देशमुख द्वारा प्रदत्त राशि से खेलकूद के लिए विशेष पुरूस्कार दिया जाता है।
- स्व.प्रो. पी. व्ही. चंद्राकर द्वारा अपनी माताजी श्रीमती पतैया बाई चंद्राकर की स्मृति में दर्शनशास्त्र विभाग के उन्नयन हेतु छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।
- स्व. मेघराज बेगानी स्मृति पदक बी.ए. दर्शनशास्त्र में सर्वाधिक अंक प्राप्तकर्ता को प्रदान किया जाता है।
- दर्शनशास्त्र के मेधावी छात्र-छात्राओं को आचार्य श्री जयचंद सूरी महाराज जी छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।
- स्व. शशि स्मृति पदक बी.ए. इतिहास में सर्वाधिक अंक प्राप्तकर्ता छात्रा को प्रदान किया जाता है।
- स्व. प्रो. डी. एस. काले स्मृति पदक, बी.ए. राजनीति विज्ञान में सर्वाधिक अंक प्राप्तकर्ता को प्रदान किया जाता है।
- दुर्गा महाविद्यालय रायपुर द्वारा छात्र संघ अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह स्वरूप पदक दिया जाता है।

# युवा-महोत्सव, वार्षिक समारोह ''मिलन 2026''






















# युवा-महोत्सव, वार्षिक समारोह ''मिलन 2026''




















# युवा-महोत्सव, वार्षिक समारोह ''मिलन 2026''



# सामाजिक एवं शैक्षणिक जागरूकता पहल


















# सामाजिक एवं शैक्षणिक जागरूकता पहल



# वार्षिक खेलकूद 2025-26



























# स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम




























माननीय अतिथिगण जिनकी स्नेहिल एवं गरिमामयी उपस्थिति ने हमारे महाविद्यालय को अलंकृत किया। उनकी विद्वत्ताए विनयशीलता तथा मानवीय मूल्यों से ओतप्रोत व्यक्तित्व ने समूचे वातावरण को प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। उनके उद्‌बोधन एवं अमूल्य मार्गदर्शन की मधुर स्मृतियाँ सदैव हमारे हृदयों में अंकित रहेंगी।


















# Alumni

## *Carrying Forward the Legacy of Excellence*

## एलुमनी एसोसिएशन के पदाधिकारी

1. श्री संतोष अग्रवाल - अध्यक्ष
2. श्री अनिल कुमार छाटबार - वरिष्ठ उपाध्यक्ष
3. श्री बसंत सेठिया - उपाध्यक्ष
4. श्री अमरजीत सिंह संधु - सचिव
5. श्री दर्शन कुमार अठवानी - सह सचिव
   श्री जसबीर सिंह सलुजा
6. श्री अजय कुमार दानी - कोषाध्यक्ष

















# *Alumni*

## *Carrying Forward the Legacy of Excellence*














ताजा हुईं कॉलेज लाइफ की वर्षों पुरानी यादें

दुर्गा कॉलेज में यादगार एल्युमिनी मीट, युवा नशे से दूर रहें, कॅरियर की सोचें: पुलिस कमिश्नर



# दुर्गा महाविद्यालय की गौरवगाथा के प्रत्यक्ष एवं परोक्ष प्रेरक



# समाचार-पत्रों में महाविद्यालय की गतिविधियों का प्रकाशन



### महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों व स्टाफ हेतु निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया

### बलौदाबाजार-गरियाबंद

### दो नेत्रहीन युवकों की अनोखी मित्रता: एक को कलेक्टर, तो दूसरे को बनना है शिक्षक

### दुर्गा महाविद्यालय रायपुर एवं बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के बीच एमओयू एक अहम समझौता

### दुर्गा महाविद्यालय में वंदे मातरम् कार्यक्रम किया गया

### दुर्गा महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

### नौकरी खोजने के बजाय है रोजगार सृजन की दिशा में आगे बढ़े - सुमन मुथा

### मानसिक स्वास्थ्य के लिए साइकिल रैली का आयोजन

नवभारत

Rajdhani - 24 Apr 2026 - 24rd2
epaper.navabharat.news

### पुस्तक सच्चे मित्र की तरह : डॉ. रोशनी

नवभारत। रायपुर। दुर्गा महाविद्यालय के हिंदी विभाग में विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. रोशनी मिश्रा ने ज्ञानार्जन में पुस्तक के महत्व को बताते हुए कहा कि भले ही हम डिजिटल दुनिया में रचे-बसे हैं, पर पुस्तक सच्चे मित्र की तरह हमारा मार्गदर्शन करती हैं। डॉ. लोकेश्वर प्रसाद सिन्हा ने विद्यार्थी को विशेष रूप से साहित्य अध्ययन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों के बीच साहित्य की पुस्तकों का वितरण किया। प्रोफेसर आकांक्षा शुक्ला ने साहित्य की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### पर्यावरण संरक्षण में अनुकरणीय योगदान के लिए दुर्गा महाविद्यालय सम्मानित

### एचआईवी एड्स: पीड़ितों से भेदभाव नहीं बरतने का संकल्प दिलाया

रायपुर @ पत्रिका. विश्व एड्स दिवस पर दुर्गा महाविद्यालय में पोस्टर एवं जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ प्रतिभा मुखर्जी साहूकार ने ... अधिकारी सुनीता चन्सोरिया ने विद्यार्थियों को संकल्प दिलाया कि एचआईवी एड्स से पीड़ित व्यक्ति से किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करेंगे। ऐसे व्यक्तियों को समान ...

### दुर्गा महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन एवं शपथ का किया आयोजन

दबंग स्वर

### सुनील सोनी ने छात्र-छात्राओं को मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी

### व्यापारी कारोबारी अफसर के साथ-साथ प्रतिष्ठित नेताओं की भी जन्मभूमि या कॉलेज रहा है : डॉ. रमन सिंह

### हारने पर फिर उठकर आगे बढ़ना ही सच्ची खेल भावना

**सिटी रिपोर्टर,** रायपुर • दुर्गा कॉलेज में शनिवार को वार्षिक खेलकूद पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने जीवन की तुलना खेल से करते हुए कहा ...

### लायंस क्लब रायपुर शिखर ने किया शिक्षकों का सम्मान

**मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन ने कहा- आज के बच्चों को बेहतरीन संस्कार वाली शिक्षा की जरूरत है**

रायपुर। लायंस क्लब रायपुर शिखर द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन ... दुर्गा महाविद्यालय की प्राचार्य सौरिक मुखर्जी साहूकार थीं। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन के पश्चात जोन चेयरमैन आशा वाधवार, पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी भार्गव और बच्चों द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष लायन उमा शर्मा, सचिव कंचन पवनकर, कार्यक्रम प्रभारी लायन ...

# समाचार-पत्रों में महाविद्यालय की गतिविधियों का प्रकाशन



गोली, मटका पेंटिंग, मेहंदी में दिखाया अपना हुनर

शहीद लांस नायक वीरेंद्र केवर्त के शहीद दिवस पर डॉक्टर ज्योति केवर्त का सम्मान दुर्गा महाविद्यालय में

दुर्गा महाविद्यालय में एंटी रैगिंग वीक का समापन समारोह संपन्न

संस्कृति परीक्षा में तीन लाख विद्यार्थी शामिल

दुर्गा महाविद्यालय की इंटरनल कंप्लेंट कमेटी एवं वीमेन डेवलपमेंट सेल द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ का आयोजन

TheHitavada

Raipur City Line | 2025-09-12 | Page 8

## Governor Deka attends World Brotherhood Day seminar

■ Staff Reporter

RAIPUR, Sept 11

GOVERNOR Ramen Deka has emphasised that true brotherhood originates within the family. Speaking at a World Brotherhood Day seminar at Durga College, organized by the Swami Vivekananda Kanyakumari Center, he said that the day commemorates Swami Vivekananda's 1893 address in Chicago, which introduced India's culture to the world.

Governor Deka stated that the spirit of brotherhood ignited by Vivekananda continues to inspire and urged citizens to embody this spirit through compassion, service, and positivity.

He stressed that Vivekananda's message transcended cultural exchange, proclaiming that humanity is paramount.

The Governor addressed pressing global issues, including climate change, water scarcity, and microplastics, warning that civilization's survival depend on tackling these threats.

He expressed concern over declining groundwater levels in Chhattisgarh, despite rainfall, and called for immediate measures like mandatory rainwater harvesting and the construction of small reservoirs on fallow land.

Deka appealed to the youth to focus on their contributions to society rather than on what they receive.

He identified discipline and punctuality as keys to success. Respect for elders and familial affection, he noted, are vital for strengthening societal bonds.

Deka appealed the gathering to cherish human life, embrace each moment, and appreciate nature. In an era of artificial intelligence, the governor advocated for a more natural way of living.

The seminar was presided over by Dr. Pratibha Mukherjee Sahukar, Principal of Durga College. Other key speakers included Rakesh Chaturvedi, Chairman of the Biodiversity Board, and Sanjeev Gupta. The event saw a large attendance of Vivekananda Center members, dignitaries, and youth.

Governor Ramen Deka present with others on the dais.

आईसीसी वूमेन डेवलपमेंट सेल के संयुक्त तत्वाधान में कैंसर जागरूकता पर एक कार्यक्रम का आयोजन

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत महादेव घाट में स्वच्छता कार्यक्रम एवं शपथ

मतदाता जागरुकता की ली शपथ

रायपुर@ पत्रिका. स्वीप कार्य योजना के तहत दुर्गा महाविद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें परिचर्चा, भाषण, निबंध, नारा लेखन, रैली, नुक्कड़ नाटक, वीडियो प्रस्तुति, रील्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाता जागरुकता की शपथ भी ... साहूकार ने नए विद्यार्थियों [को] मतदाता सूची में ऑनलाइन नाम द... कराने के लिए प्रेरित किया। विजे... प्रतिभागियों को मतदाता दिवस ... महाविद्यालय में पुरस्कृत कि[या] जाएगा। इस दौरान नोडल अधिका... सुनीता चंसोरिया, डॉ. अजय श... डॉ. अमन झा, डॉ. सुचित्रा राठौ, ...

छात्रों और शिक्षकों ने सैनिकों के लिए बनाई राखियां

विद्यार्थियों ने दिखाया उद्यमशीलता का जज्बा

रजत जयंती उत्सव की कड़ी में आयोजित 'विजयी भव' कार्यक्रम..

दुर्गा महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत प्रशिक्षण

व्यास पूजा का आयोजन दुर्गा महाविद्यालय में

Raipur Division - February 12, 2026 at 09:07

Raipur, Raipur Division | April 17, 2026 at 07:21

दुर्गा महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान का मास्टर वॉलिंटियर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम

हरित बनो और हरित बचाओ : सुनीता चंसोरिया

दुर्गा महाविद्यालय के 15 वर्ष के अवसर पर एलुमिनी समिति एवं दुर्गा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में ... एलुमिनी मीट का उद्घाटन समारोह

दुर्गा महाविद्यालय में शपथ का आयोजन







# दुर्गा एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित अन्य महाविद्यालय

Connect with us

## सौ. कुसुमताई दाबके विधि महाविद्यालय

के.के. रोड, मौदहा पारा, रायपुर (छ.ग.)
दूरभाष : 0771-2524500

## विवेकानन्द महाविद्यालय

के.के. रोड, मौदहा पारा, रायपुर (छ.ग.)
दूरभाष : 0771-2887918

मुद्रक : अकांक्षा प्रिन्टर्स, 98268-20122

# दुर्गा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)

मूल्य 100/-

के.के. रोड, मौदहा पारा, रायपुर (छ.ग.) फोन : 0771-2523753
Website : www.durgacollege.in, Email : info@durgacollege.in